भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2082

10 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

सवैया एयरबेस का उपयोग

2082. डॉ. आलोक कुमार सुमन :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार के गोपालगंज में हथुवा स्थित सवैया एयरबेस के पास 570 एकड़ भूमि है और रनवे भी है और छोटी-मोटी मरम्मत के बाद इसका उपयोग उड़ान के लिए भी उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को उक्त एयरबेस को उड़ानों के लिए उपयोग किए जाने के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त एयरबेस पर अतिक्रमण पर ध्यान दिया है; और

(ङ) यदि हां, तो जिला प्रशासन की सहायता से अतिक्रमण को हटाने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख) गोपालगंज, बिहार में स्थित सबेया एयरफील्ड उपार्जित रक्षा भूमि का भाग है जिसे हथुवा परित्यक्त एयरफील्ड के रूप में जाना जाता है । रिकॉर्डों के अनुसार हथुवा एयरफील्ड में रक्षा भूमि का कुल क्षेत्र 473.295 एकड़ है जिसमें से 101.505 एकड़ सवैया में स्थित है । हथुवा अनुपयोगी एयरफील्ड है और इसे भारतीय वायुसेना द्वारा संक्रियात्मक उपयोग के लिए नियोजित नहीं किया गया है ।

(ग), (घ) और (ड.)   जी, हाँ । सितंबर, 2021 में डॉ. आलोक कुमार सुमन, माननीय ससंद सदस्य गोपालगंज, बिहार से एक निर्देशन प्राप्त हुआ था । डीजीडीई से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 1011 अतिक्रमणों की पहचान की गई है जो 338.66 एकड़ क्षेत्र पर कृषीय उपयोग और कच्चा/पक्का निर्माण में हैं ।

रक्षा संपदा अधिकारी (डीईओ), दानापुर ने सार्वजनिक परिसर बेदखली अधिनियम, 1971 के प्रावधानों के तहत बेदखली नोटिस जारी किया है । डीईओ ने इस मामले को अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस की सहायता हेतु राज्य सरकार प्राधिकरणों के साथ उठाया है ।

*****